
# खान त्रिमूर्ति फिल्म इंडस्ट्री के आखिरी सुपरस्टार : फातिमा



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

बॉलीवुड की दंगल गर्ल फातिमा सना शेख खान त्रिमूर्ति को फिल्म इंडस्ट्री का आखिरी सुपरस्टार मानती है। आमिर खान के साथ फिल्म दंगल और ठग्स ऑफ हिंदोस्तान में काम कर चुकीं फातिमा सना शेख का कहना है कि बॉलीवुड के तीन खान इंडस्ट्री के आखिरी सुपरस्टार होंगे। फातिमा ने कहा, सुपरस्टार्स वाला युग काफी पहले खत्म हो चुका। खान्स के बाद मुझे नहीं लगता कि हमें कोई सुपरस्टार्स मिलेंगे। अब सभी उपलब्ध रहते हैं लेकिन पहले ये सब उपलब्ध नहीं होते थे। हम न तो उन्हें सोशल मीडिया पर सर्च कर सकते थे और न ही उनकी जिंदगी को फॉलो कर सकते थे। हम उनसे सिर्फ फिल्मों के माध्यम से ही संपर्क कर पाते थे।

फातिमा ने बॉलीवुड में अपनी शुरुआत के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, मेरे दिमाग पर सिर्फ अभिनय था, जो एक वजह जिसके चलते मैं हर ऑडीशन में जाती थी वो ये होती थी कि मुझे कैमरा के सामने परफॉर्म करने का मौका मिलता था, भले ही सेटअप छोटा क्यों न हो। दंगल से पहले कभी भी मुझे खुद अपने लिए प्रोजेक्ट चुनने का मौका नहीं मिला था। मैंने दंगल इसलिए की थी क्योंकि तब मेरे पास वही एकमात्र विकल्प था। हर एक्टर इस फेज से गुजरता है. चीजें इसी तरह काम करती हैं। मुझे खुशी है कि उस फिल्म के बाद और ठग्स ऑफ हिंदोस्तान के बाद मेरे पास अब और विकल्प हैं।





# साहो में धमाकेदार ऐक्शन सीन्स के लिए प्रभास कर रहे हैं तैयारी

बाहुबली से दिल जीत लेने वाले ऐक्टर प्रभास एक बार फिर ऑडियंस को इम्प्रेस करने की तैयारी में हैं। अपनी अपकमिंग फिल्म साहो में वह एक से बढ़कर एक ऐक्शन सीन्स करते दिखाई देने वाले हैं। इन सीन्स को परफेक्ट बनाने के लिए प्रभास कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसके लिए वह अलग-अलग तरह से तैयारी कर रहे हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऐक्शन सीन्स और फिल्म में फिट दिखने के लिए प्रभास एक्सर्साइज के साथ ही अपनी डायट का भी खास ध्यान रख रहे हैं। उनकी कोशिश है कि इस ऐक्शन-पैक्ड फिल्म में उनके ऐक्शन सीचेंस वास्तविक लगें।

हॉलिवुड फिल्म ट्रान्सफॉर्मर के मशहूर स्टंट डायरेक्टर कैनी बेट्स इस फिल्म के ऐक्शन सीन्स को डायरेक्ट करेंगे। कहा जा रहा है कि प्रभास की मेहनत और कमिटमेंट को देख वह काफी इम्प्रेस हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म में प्रभास फिस्टफाइट के साथ ही कार चेज, बाइक चेज जैसे कई स्टंट करते दिखाई देने वाले हैं। इन ऐक्शन सीचेंस को इटली, दुबई, हैदराबाद और मुंबई में शूट किया गया है।

डायरेक्टर सुजीत की इस फिल्म में श्रद्धा कपूर को लीड ऐक्ट्रेस के रोल के लिए कास्ट किया गया है। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ, नील नितिन मुकेश, मुर्ली शर्मा, अरुण विजय, एवलिन शर्मा, चंकी पांडे, मंदिरा बेदी, महेश मांजरेकर जैसे सितारे भी अहम रोल में दिखाई देंगे।

# करण की फिल्म में रीक्रिएट होगा धर्मेंद्र-राखी का गाना पल-पल दिल के पास

दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र और राखी की फिल्म ब्लैकमेल का सुपरहिट गाना पल-पल दिल के पास तो आपको याद ही होगा। यह गाना देओल परिवार का सबसे पसंददीदा गाना है। यह गाना जितना धरमजी को पसंद है, उतना ही सनी देओल और बॉबी देओल को भी। तभी तो जब सनी ने अपने बेटे को लॉन्च करने के लिए फिल्म की कहानी और नाम को फाइनल किया तो इस गाने के मुखड़े पल-पल दिल के पास से बेहतर कुछ और उन्हें नहीं सूझा।

फिल्म पल-पल दिल के पास का निर्देशन खुद सनी देओल कर रहे हैं, अब बेटे को लॉन्च करने के लिए सनी किसी और पर भरोसा थोड़ी न कर सकते हैं। वह शूटिंग के दौरान फिल्म के हर फ्रेम पर बहुत मेहनत कर रहे हैं, कई लोगों से सलाह भी लेते हैं। पल-पल दिल के पास गाने को भी फिल्म के लिए रीक्रिएट किया जा रहा है। फिल्म के इस गाने को किशोर कुमार ने गया था। पल-पल दिल के पास एक प्रेम कहानी है, जिसे ज्यादातर मनाली और दिल्ली में शूट किया गया है। फिल्म का आखिरी शेड्यूल फिलहाल मुंबई में शूट किया जा रहा है, जिसके लिए फिल्म का सेट लगा दिया गया है। फिल्म के कई सीन्स को बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच शूट किया गया है। हालांकि फिल्म के कुछ सीन्स को शूट करना आसान नहीं था। करण देओल और सहर बंबा स्टारर यह फिल्म इस साल 19 जुलाई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है।



# वैश्विक स्तर पर अपनी पहुंच से खुश हैं राजकुमार राव

अभिनेता राजकुमार राव इस बात से खुश हैं कि वह वैश्विक स्तर पर दर्शकों का मनोरंजन कर पा रहे हैं। अभिनेता को ओमान में आयोजित फिल्मफेयर मिडल ईस्ट अवॉर्ड्स २०१९ समारोह में परफॉर्मर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।राजकुमार ने एक बयान में कहा, यह पुरस्कार प्राप्त करना एक बड़ा सम्मान है। मुझे यह जानकर भी एक तरह से संतुष्टि हुई कि मेरी फिल्में न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर के दर्शकों का मनोरंजन करती हैं। उन्होंने कहा, मैंने २०१८ में बहुत अलग फिल्में की हैं और यह जीत दर्शाती है कि दर्शक भी कुछ नया और दिलचस्प देखना चाहते हैं।

# टीवी एंकर अर्चना विजय ने इंटरनेट पर शेयर की है बेहद बोल्ड तस्वीरें



अक्सर टीम इंडिया के क्रिकेट मैच के दौरान इस स्पोर्ट्स एंकर को जरूर देखा होगा। इस बोल्ड स्पोर्ट्स एंकर का नाम अर्चना विजय है। अर्चना विजया ने भारत में धर्म का दर्जा प्राप्त खेल क्रिकेट के महागम आईपीएल को भी होस्ट किया हैं और बॉलीवुड के सबसे फेमस अवॉर्ड शो आईफा को भी होस्ट किया है बता दें अर्चना स्पोर्ट्स एंकर होने के साथ-साथ एक सुपर मॉडल भी हैं। अर्चना ने २००४ में अपने करियर की शुरुआता चैनल वी के सुपरमॉडल रिएलटी शो गेट गॉर्जस से की। इस शो में उन्हें जीत मिली थी। अर्चना एक ऐसी विजेता रहीं हैं जिन्होंने इस शो अगले ही गेट गॉर्जस के शो यानी २००५ में होस्ट की भूमिका निभाई। इस रिएलटी शो को जीतने के बाद उन्हें मॉडलिंग करने का मौका मिला। उसके बाद उन्होंने रोम फैशन वीक में भी हिस्सा लिया. इसी सिलसिले में वे फिर मिलान, सिंगापुर और फ्रांस में भी गई। बाद में उन्हें कई नामचीन फैशन डिजाइनरों के साथ काम करने की मौका मिला. अर्चना विजया ने आईसीआईसीआई बैंक, सुला फेस्ट, सन माइक्रोसिस्टम्स, सिप्ला, एलजी और सैमसंग मोबाइल्स के लिए मॉडलिंग की है। मॉडल अर्चना विजया ने कई और फैशन ब्रांड्स के लिए भी मॉडलिंग कर चुकी हैं। जिन फैशन डिज़ाइनर्स के साथ उन्होंने काम किया है उनमें रोहित बल, नरेंद्र कुमार, सब्यसाची मुखर्जी, मनीष मल्होत्रा जैसे दिग्गजों का नाम शामिल हैं। उन्होंने एक टेलीविज़न प्रेजेंटर और मॉडल के तौर पर करियर की शुरुआत की। अर्चना का जन्म कोलकाता में 17 नवंबर 1982 को हुआ था. वे राजस्थानी परिवार से आती हैं. अर्चना ने शुरुआती पढ़ाई भवानीपुर से की फिर बाद में कॉलेज के लिए वह कोलकाता आ गईं। वे खतरों के खिलाड़ी के सीज़न 6 में बतौर कंटेस्टेंट के रुप में शो का हिस्सा रहीं। अर्चना का बिजनेसमैन धीरज पुरी शुरुआती दौर में प्रेम संबंधों में आए, फिर २०१५ में दोनों ने शादी कर ली।